पुना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

**Std-4** **Subject-Hindi**

**SUMMATIVE ASSESSMENT- (2021-22)**

## पठन विभाग

**उपर्युक्त अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

किसी शहर में एक नट मण्डली आई हुई थी. लोग भीड़ लगाकर नट के करतब देख रहे थे. भीड़ में दो चोर भी थे. उन्होंने देखा कि नट एक पतली सी रस्सी पर बड़े ही आराम से बिना किसी सहायता के चल रहा है. दोनों चोरो ने सोचा कि यदि यह नट हमारे साथ आ जाये तो चोरी करने में बड़ी सहायता मिलेगी. यह सोचकर दोनों चोरों ने नट से बात की. नट ने उन्हें मना कर दिया. चोर उसे बाँधकर अपने साथ ले गए, और रात में एक सेठ की हवेली के नीचे ले जाकर चाकू दिखाते हुए कहा "इस मुंडेर पर चलकर तुम अंदर जाकर दरवाजा खोलो". मुंडेर इतनी पतली थी कि उस पर कोई इंसान तो क्या कोई छोटा जानवर भी नहीं चल सकता था. चोर उस पर चढ़ा और एक कदम चलकर धड़ाम से नीचे गिर पड़ा. दोनों चोर चिल्लाते हुए बोले "तमाशा दिखाते हुए तो तुम पतली सी रस्सी पर चल रहे थे, यहाँ कैसे गिर पड़े? " चोर मासूमियत से बोला "ढोल बजाओ ढोल, क्योंकि मैं ढोल बजने पर ही रस्सी पर आराम से चल पाता हूँ. " नट क़ी बात सुनकर चोरों ने अपना सिर पीट लिया.

प्रश्न 1- शहर में कौन सी मंडली आई थी?

क-भजन मण्डली    ख-नाटक मण्डल    ग-बाल मण्डली    घ-नट मण्डली

उत्तर 1- **घ-नट मण्डली**

प्रश्न 2-नट किस पर बड़े आराम से चल रहा था?

क-एक पतली सी रस्सी पर    ख-मोटे डंडे पर    ग- मुंडेर पर घ-पतले तार पर

उत्तर 2 **क-एक पतली सी रस्सी पर**
प्रश्न 3-बताइए कि चोरों ने क्या सोच कर नट से बात की?

उत्तर 3- यदि यह नट हमारे साथ आ जाए तो चोरी करने में बड़ी सहायता मिलेगी. यह सोचकर दोनों चोरों ने नट से बात की.
प्रश्न 4- नट के मना करने पर चोरों ने उसके साथ कैसा बर्ताव किया?

उत्तर 4-नट के मना करने पर चोर उसे बाँधकर अपने साथ ले गए.
प्रश्न 5 -गद्यांश में आये विशेषण शब्द लिखिए. (कोई दो)

उत्तर 5- विशेषण 1- पतली 2- छोटा

**उपर्युक्त अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

गांधीजी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था। उनका जन्म 2 अक्टूबर सन 1869 में गुजरात के पोरबन्दर नामक शहर में हुआ था । इनकी माता पुतलीबाई तथा पिता करमचंद गांधी थे । माता पुतलीबाई बड़ी ही धार्मिक विचारों की महिला थीं । गांधी जी का विवाह कस्तूरबा जी के साथ हुआ था। कानून की पढ़ाई उन्होंने इंग्लॅण्ड से की थी । गांधी जी को छुआछूत में जरा सा भी विश्वास नहीं था । उन्होंने इस बुराई को समाप्त करने का भरपूर प्रयास भी किया।

अंग्रेजों से भारत को स्वतंत्र कराने में गांधी जी ने अनेक आंदोलन किये जिनमे -असहयोग आंदोलन, सत्याग्रह आंदोलन, डांडी यात्रा या नमक आंदोलन मुख्य है। स्वतंत्रता की लड़ाई में उनके हथियार सत्य एवं अहिंसा ही थे । उन्होंने इन्ही के बल पर अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर विवश कर दिया था। हम आज जिस खुली हवा में सांस ले रहे है वह सब हमे गांधी जी तथा सुभाषचंद बॉस, भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद डा भीमराव अम्बेडकर तथा बल्लभभाई पटेल जैसे नेताओं के प्रयासों से ही मिली है। हमारा कर्त्तव्य है कि हम न केवल अपने देश की स्वतंत्रता को बनाये रखे बल्कि अपने सुकर्मों से देश को पुनः विश्वगुरु बनाये ।

प्रश्न -1 गांधीजी का जन्म कब तथा कहाँ हुआ था?

उत्तर 1-गांधीजी जन्म 2 अक्टूबर सन 1869 में गुजरात के पोरबन्दर नामक शहर में हुआ था ।

प्रश्न -2 इनके माता-पिता कौन थे?

उत्तर 2 -इनकी माता पुतलीबाई तथा पिता करमचंद गांधी थे ।

प्रश्न -3 गांधीजी ने किस बुराई को समाप्त करने का प्रयास किया?

उत्तर 3 गांधी जी ने छुआछूत जैसी बुराई को समाप्त करने का प्रयास किया

प्रश्न- 4 गांधीजी के दो हथियारों के नाम लिखिए

उत्तर 4-गांधीजी के दो हथियार सत्य एवं अहिंसा ही थे ।

प्रश्न -5 देश के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है?

उत्तर 5-हमारा कर्तव्य है कि हम न केवल अपने देश की स्वतंत्रता को बनाये रखे बल्कि अपने सुकर्मों से देश को पुनः विश्वगुरु बनाये ।

## लेखन विभाग

## 1] निम्नलिखित निबंध लिखिए

### वर्षा ऋतु


- वर्षा ऋतु हमारे लिए ढेर सारी खुशियो की बौछार लेकर आती है।
- भारत मे वर्षा ऋत एक बेहद ही महत्वपूर्ण ऋत है।
- वर्षा ऋतु आषाढ़ ,श्रावण तथा भादों मास मे मुख्य रुप से होती है।
- वर्षा ऋतु मुझे बहुत पंसद है।
- यह भारत के चार ऋतु मे से मेरी प्रिय ऋतु है।
- यह गर्मी के मौसम के बाद आती है।
- वर्षा ऋतु आकाश बहुत साफ हो जाता है।
- वर्षा ऋतु मे सात रंग वाला इन्द्रधनुष दिखाई देता है।
- पूरा वातावरण साफ और आकर्षक दिखाई देता है।
- यह ऋतु संसार को जीवन देती है।
- प्यासे को पानी देती है, और मां की तरह सभी पृथ्वी के जीवों का पालन पोषण करती है।
- भारत में ग्रीष्म ऋतु के ठीक बाद वर्षा ऋतु का आगमन होता है।
- इसके प्रभाव से प्रकृति लहलाह उड़ती है।
- वर्षा ऋतु के मुख्य त्योहार हैं-:, आषाढ़ अमावस्या, जगन्नाथ पुरी रथ यात्रा, देवशयनी एकादशी, चतुर्मास व्रत नियम, गुरु पूर्णिमा, सावन सोमवार व्रत, नाग पंचमी, रक्षाबंधन, कजरीतीज, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी जैसे त्यौहार मनाये जाते है।

### रक्षाबंधन

- रक्षाबंधन हिन्दुओं का प्रमुख पर्व है।
- यह त्योहार भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है।
- इस दिन बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बाँधती हैं और अपने भाई की लंबी आयु की कामना करती हैं।
- भाई अपनी बहन को उसकी रक्षा का वचन देता है।
- यह राखी का त्योहार संपूर्ण भारतवर्ष में मनाया जाता है।
- हम यह पर्व सदियों से मनाते चले आ रहे हैं।
- आजकल इस त्योहार पर बहनें अपने भाई के घर राखी और मिठाइयाँ ले जाती हैं।
- भाई राखी बाँधने के पश्चात् अपनी बहन को दक्षिणा स्वरूप रुपए देते हैं या कुछ उपहार देते हैं।
- इस प्रकार आदान-प्रदान से भाई-बहन के मध्य प्यार और प्रगाढ़ होता है।
- रक्षाबंधन अर्थात् संरक्षण का एक अनूठा रिश्ता, जिसमें बहनें अपने भाइयों को राखी का धागा बाँधती है,
- मित्रता की भावना से भी यह धागा बाँधा जाता है, जिसे हम दोस्ती का धागा भी कहते हैं।
- यह नाम तो अंग्रेज़ी में अभी रखा गया है, लेकिन रक्षा बंधन तो पहले से ही था, यह रक्षा का एक रिश्ता है।
- इसलिए, रक्षा बंधन ऐसा त्यौहार है, जब सभी बहनें अपने भाइयों के घर जाती हैं,और अपने भाइयों को राखी बांधती हैं, और कहती हैं ।"री रक्षा करोमैं तुम्हारी रक्षा करूंगी और तुम मे"
- और ये कोई ज़रूरी नहीं है, कि वे उनके अपने सगे भाई ही हों, वह अन्य किसी को भी राखी बाँधकर बहन का रिश्ता निभाती हैं।
- तो ये प्रथा इस देश में काफी प्रचलित है, और ये श्रावण पूर्णिमा का बहुत बड़ा त्यौहार है।
- आज ही के दिन यज्ञोपवीत बदला जाता है।
- क्षाबंधन पर राखी बांधने की हमारी सदियों पुरानी परंपरा रही है।
- प्रत्येक पूर्णिमा किसी न किसी उत्सव के लिए समर्पित है।
- सबसे महत्वपूर्ण है कि आप जीवन का उत्सव मनाये।
- सभी भाईयों और बहनों को एक दूसरे के प्रति प्रेम और कर्तव्य का पालन और रक्षा का दायित्व लेते हुए ढेर सारी शुभकामना के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाना चाहिए।




- **चित्र लेखन**
- प्र-1-यह चित्र कहाँ का है?
- उत्तरःयह चित्र प्राणीसंग्रहालय का है।
- प्र-2-चित्र में कौन-कौन से जानवर दिखाई दे रहे हैं?
- उत्तरः चित्र मे हाथी,जिराफ और ज़ेबा दिखाई दे रहे है।
- प्र-3-चित्र में कौन कौन पिंजड़े में है?
- उत्तरः चित्र मे जिराफ और ज़ेबा पिंजड़े में है।
- प्र-4-चित्र में कितने जानवरों के बच्चे दिखाई दे रहें हैं?
- उत्तरः चित्र मे हाथी,जिराफ और ज़ेबा के बच्चे दिखाई दे रहे है
- प्र-5- चित्र में कितने आदमी दिख रहे हैं?
- उत्तरः चित्र मे ६ आदमी दिख रहे है



प्र-1-चित्र किस जगह का है?
उत्तरः यह चित्र बगीचे का है।

प्र-2-चित्र में कितने बच्चे हैं?
उत्तरःचित्र मे पाँच बच्चे है।

प्र-3-चित्र में कितने झूलें हैं ?
उत्तरःचित्र मे एक झूला है।

प्र-4-चित्र में कितने पेड़ हैं?
उत्तरःचित्र मे चार पेड़ है।

## व्याकरण विभाग

1] निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम के भेद पहचान के लिखिए

- बेटा, तुम रहने दो, मै स्वयं कर लूँगा। - **निजवाचक वाचक सर्वनाम**
- माँ, मैं अपने-आप चली जाउगी। **- निजवाचक वाचक सर्वनाम**
- वहाँ कौन खड़ा है? - **प्रश्नवाचक सर्वनाम**
- गिलास किसने तोड़ा?- **प्रश्नवाचक सर्वनाम**
- घंटी किसने बजाई? - **प्रश्नवाचक सर्वनाम**
- तुम्हे क्या चाहिए? - **प्रश्नवाचक सर्वनाम**
- यह घड़ी किसकी है? **प्रश्नवाचक सर्वनाम** -
- उठो बेटा ।जो सोता है , वह खोता है। - **संबंधवाचक सर्वनाम**
- जिसने नीली कमीज पहनी है, उसका नाम कनिष्क है। - **संबंधवाचक सर्वनाम**

- लगता है, माँ बाजार से **कुछ** लाई है। - अनिश्चयवाचक सर्वनाम
- देखो, इस रास्ते से **कोई** आर हा है। - अनिश्चयवाचक सर्वनाम
- **तुम** कहाँ जा हे हो। - **पुरुषवाचक सर्वनाम**
- **मैं** उसके घर जार हा हूँ - **पुरुषवाचक सर्वनाम**
- **यही** मान्या का घर है - निश्चयवाचक सर्वनाम
- **माँइसी** ने मेरी मदद की थी। -निश्चयवाचक सर्वनाम :
- यह यंत्र **मैने** बनाया है। **- पुरुषवाचक सर्वनाम**
- बारिश मे **हमारी** पुस्तकें भीग गई। **-पुरुषवाचक सर्वनाम**
- **तुम** इधर बैठो। **-पुरुषवाचक सर्वनाम**
- आरती को **तुमसे** कुछ काम है। - **पुरुषवाचक सर्वनाम**

**2]निम्नलिखित वाक्य एकवचन है या बहुवचन लिखिए**

- **लडकी** सो रही है। **एकवचन**
- **नदी** बह रही है। **एकवचन**
- मानसी ने **माला** पहनी है। **एकवचन**
- माँ **कहानी** सुना रही है। **एकवचन**
- हाथी **गन्ना** खा रहा है। **एकवचन**
- **बच्चा** खेल रहा है। **एकवचन**
- **लड़कियाँ** सो रही है। **बहुवचन**
- **नदियाँ** बह रही है। **बहुवचन**
- मानसी ने **मालाएँ** खरीदी है। **बहुवचन**
- **बच्चे** खेल रहे है। **बहुवचन**
- हाथी **गन्ने** खा रहा है। **बहुवचन**
- माँ **कहानियाँ** सुना रही है। **बहुवचन**

3] निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए

- अनाथ -सनाथ
- अवनति –उन्नति
- अंतरंग —बहिरंग
- अल्पज्ञ –बहुज्ञ
- अल्पायु —दीर्घायु
- अवनत —उन्नत
- अरुचि –रुचि
- अग्नि — जल
- अपमान –सम्मान
- अति —अल्प
- अंधकार –प्रकाश
- अल्पसंख्यक– बहुसंख्यक
- आधुनिक —प्राचीन
- आचार —अनाचार
- आत्मा —परमात्मा
- आदान —प्रदान
- आकाश —पाताल
- अतिवृष्टि –अनावृष्टि
- अवनि —अंबर
- अनुराग —-विराग
- अनुकूल –प्रतिकूल

- आर्द्र —शुष्क
- आशा —निराशा
- आस्तिक –नास्तिक
- आलोक –अंधकार
- आय –व्यय
- आग्रह –अनाग्रह

4] निम्नलिखित वाक्यों के विशेषण के प्रकार लिखिए

1] गीता अच्छी लडकी है। - **गुणवाचक विशेषण**

2] यह खेत चौकोर है। - **गुणवाचक विशेषण**

3] बाहरी कमरा छोटा है। **गुणवाचक विशेषण**

4] भरत बलशाली बालक था। **गुणवाचक विशेषण**

5] वह प्रतिदिन एक लीटर दूध पीता है। - **परिमाण विशेषण**

6] अधिक परिश्रम करने से स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। - **परिमाणविशेषण**

7] हमारा घर आंनद विहार मे है। -सार्वनामिक विशेषण

8] यह घड़ी पुरानी है। - सार्वनामिक विशेषण

9] यह खेत बहुत छोटा है। सार्वनामिक विशेषण

10] तीन लडके खेल रहे है। संखायावाचक विशेषण

11] मेले मे हजारो लोग आए थे। संखायावाचक विशेषण

## साहित्य विभाग

1] **सही कथन पर सही और गलत पर गलत का निशान लगाए।**

१-राजसभा में गरीब ,दुखी, विद्रवान और सज्जन सभी का आदर सत्कार होता था। (गलत)

२-राजा दिल खोलकर दान दिया करता था। (गलत)

३-पूर्वी सीमा के लोग भूखे-प्यासे मरने लगे। (सही)

४-महल मे प्रतिदिन हजारो रुपये सुंगधित वस्त्रो, मनोरंजन और महल की सजावट मे खर्च होते थे। (सही)

५- नसीरुदीन की जमाल साहब से नई-नई दोस्ती हुई थी। (गलत)

६-जमाल साहब भड़कीली अचकन पहनकर निकले। (सही)

७- नसीरुदीन की बात को सुनकर जमाल साहब पर घड़ो पानी पड़ गया। (सही)

८-पापा आइसक्रीम बनना नही चाहते है। (गलत)

९-एक दिन रेल्वे स्टेशन पर उन्होने एक अजीब आदमी को देखा। (सही)

१०-पापा चौकीदार और शंटिग करने वाला दोनोंनही बनना चाहते थे। (गलत)

११ एक दिन पापा ने वायुयान चालक बनने का निर्णय लिया। (सही)

१२-दिनेश बरामदे की चिक सरकाकर बाहर की ओर भागा। ( सही )

१३-बीरबल ने "नकली अक्ल-बहादुर " का प्रयोग ख्वाजा सरा के लिए किया था। ( **गलत** )

१४-कुछ बादल बिना कूबड़ वाले ऊँटो जैसे दिख रहे है। ( **गलत** )

2] **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

१- बादलों के परियों समान पंख लगे हुए है।

२ धरती ***तवे*** की तरह तप रही थी।३-सामने की क्यारी में ***भिडियो*** के ऊँचे-ऊँचे पौधे थे।

४-दिनेश ***गेंद*** को हाथ मे लिए हुए भीतर आ गया।

५-गेंद देखकर ***निशानी*** बताना कौन सा कठिन काम है।

६-सभी गेंद पर ऐसे ही ***निशानी*** होते है।

७-छोटे बच्चो को तो मैं **मुफ्त** मे आइसक्रीम दिया करूँगा।
८-यह आदमी इंजनो और डिब्बो से **खेल** रहा था।
९-मैंकाफी दिन तक **अफसर** बनकर रह चुका हूँ।
१०जमाल साहब ने मोहल्ले मे घूमने से **मना** कर दिया
११-तुम्हारा **पडोसी** सोच रहा होगा कि मेरे पास अपने **कपडे** है ही नही
१२-पोशाक के बारे मे न कहना ही **अच्छा** है।
१३-बादल **घिर-घिर** कर छा जाते है।
१४-भैया की गुल्लक **भारी** है।
१५-जरुरतमंदो की सहायता करना **राजा** का कर्तवय होता है।

## निम्नलिखित प्रश्नों के वैकल्पिक उत्तर लिखिए।

१ : राजसभा मे किस प्रकार के लोग आते रहते है?

उत्तर : (क) विद्रवान (ख) सज्जन

(ग) **नामी** (घ) दुखी

२ : देश मे कौन - सी प्राकृतिक आपदा आ गई थी?

उत्तर : (क) **अकाल** (ख) भूकंप

(ग) बाढ़ (घ) ये सभी

३ : प्रजा ने राजा से कितने रुपये माँगे ?

उत्तर : (क) पाँच हजार **(ख) दस हजार**

(ग) बीस हजार (घ) पच्चीस हजार

४ : किनकी सहायता करना राजा का कर्तव्य होता है?

उत्तर : (क) **जरुरतमंदो की** (ख) अमीरो की

(ग) राजाओ की (घ) राज परिवार की

५-बादल कितने समुंदर भर के लाया है?
उत्तरः (क) चार (ख) पाँच
(ग) छः **(घ) सात**
६ -कवि किसका सागर भरकर लाने को कहता है?
उत्तरः (क) चार (ख) पाँच
(ग) छः **(घ) सात**
७- नसीरुदीन और जमाल साहब कहाँ घूमने गए?
**उत्तर : (क) मोहल्ले मे** (ख) बाजार

(ग) खेत मे (घ) चिड़ियाघर

८-जमाल साहब ने जो अचकन पहनी थी, वह वास्तव मे किसकी थी?

उत्तर : (क) जमाल साहब की **(ख) नसीरुदीन की**

(ग) भाई की (घ) हुसैन साहब की

९ :**शुरु-शुरु मे पापा क्या बनना चाहते थे?**

उत्तरः (क) आइस्कीम वाका **(ख) चौकीदार**

(ग) डाक्टर (घ) अध्यापक

१०:**आइसकीम के ठेले का रंग कैसा था?**

उत्तरः (क)पीला**(ख)** हरा

(ग) लाल(घ) नारंगी

११:**पापा आइसकीम का ठेला कहाँ खड़ा करना चाहते थे?**

उत्तरः(क) घर के पास(ख) पार्क के पास

(ग) स्कूल के पास**(घ) स्टेशन के पास**

१२-**दिनेश घर मे बैठा- बैठा क्या कर रहा था?**

उत्तर- (क) खेल रहा था **(ख) कहानी पढ़ रहा था।**

(ग) टींवी देख रह था (घ) गाने सुन रहा था

१३-**दिनेश के घर के बगीचे की क्यारियोंके चारो ओर कौन से वृक्ष लगे हुए थे?**

उत्तर- (क) आम के (ख)सेब के

(ग) केले के (घ)नीबू के

१४-**दिनेश के मोहल्ले मेंबच्चों ने खेलने की सुविधा के लिए क्या बनाया हुआ था?**

**उत्तर-(क) क्लब** (ख)संस्था

(ग) मंडली(घ)टोली

**१५-बीरबल किसका पसंदीदा व्यक्ति था ?**

उत्तरः **(क) बादशाह अकबर का** (ख) ख्वाजा सरा का

(ग) सभी दरबारी का (घ) इनमे से कोई नही

**निम्नलिखित प्रश्नो के अतिलघु उत्तर लिखिए।**

**1-बादल किस प्रकार पानी बरसा रहे है?**

उत्तरः बादल रिमझिम पानी बरसा रहे है।

**2- ख्वाजा सरा ने बीरबल को मूर्ख साबित करने के लिए क्या किया?**

उत्तरः ख्वाजा सरा ने बीरबल को मूर्ख साबित करने के लिए कुछ मुश्किल प्रश्न सोचे।

**3- ख्वाजा सरा अकबर के पास क्यों गया था?**

उत्तरः ख्वाजा सरा अकबर के पास तीन सवालो के जवाब पूछने गया था।

**4-बच्चो के खेलने के कम मे गेंद कहाँजा गिरी?**

उत्तर- बच्चो के खेलने के कम मे गेंद स्कूटर मे बनी जालीदार टोकरी में जा गिरी

**5-बगीचे मे आवाज होने के समय दिनेश की माँ क्या कर रही थी?**

उत्तर- बगीचे मे आवाज होने के समय दिनेश की माँ मशीन चला रही थी।

**6-गड्ढे के ऊपर दिनेश को क्या दिखाई दिया?**

उत्तर- गड्ढे के ऊपर दिनेश को किरमिच की गेंद दिखाई दी।

**7-स्टेशन पर अजीब खेल खेलने वाला व्यकित कौन था?**

**उत्तरः स्टेशन पर अजीब खेल खेलने वाला व्यकित शंटिग वाला था।**

**8-आइस्क्रीम बेचने के लिए पापा ने कौन सा समय चुना?**

उत्तरः आइस्क्रीम बेचने के लिए पापा ने सुबह का समय चुना।

**9-जब पापा कुत्ता बनकर बैठे हुए थे, तब वहाँ से कौन गुजरा?**

उत्तरःजब पापा कुत्ता बनकर बैठे हुए थे, तब वहाँ से फौजी गुजरा।

**10- नसीरुदीन के मित्र का क्या नाम था?**

उत्तर : नसीरुदीन के मित्र का नाम जमाल साहब था।

**- नसीरुदीन अपने मित्र के लिए क्या लाए?**

उत्तर : नसीरुदीन अपने मित्र के लिए भडकीली अचकन लाए।

**12-पानी पडने से क्या होता है?**

उत्तरः पानी पडने से कीचड़ होता है।

**13-कवि की गुल्लक कैसी है?**

उत्तरःकवि की गुल्लक हल्की है।

**14-नाव बनाने के लिए बाजार से क्या लाना पडेगा?**

उत्तरः  नाव बनाने के लिए बाजार से रंग-बिरगे कागज लाने पडेगे।

15- राजा किस प्रकार के कपड़े पहनता था?

उत्तर : राजा लकदक कपड़े पहनता था।

16 : लोग क्या खरीदकर अपनी जान बचाना चाहता है?

उत्तर :लोग दूसरे देश से अनाज खरीदकर अपनी जान बचाना चाहते थे।

17 : अचानक राजसभा में कौन आ गया?

उत्तर : अचानक राजसभा मे एक सन्यासी आ गया।

18 : भंडारी हड़बडाता हुआ किसके पास गया?

उत्तर : भंडारी हड़बडाता हुआ मंत्री के पास गया।

## निम्नलिखित प्रश्नो के लघु उत्तर लिखिए।

1 : राजसभा मे कौन से लोग नही आते थे?

उत्तर : राजसभा मे गरीब, दुखी, विद्यन और सज्जन लोग नही आते थे।

2 : लोग राजा की कौन सी बात सुनकर निराश होकर लौट गए?

उत्तर : जब राजा ने कहा कि मदद करते करतेराज कोष खाली हो जाएगा और  मै भी दिवालिया हो जाऊगाँ यह बात सुनकर लोग निराश हो गए।

3 **-आकाश मे बादलो के छा जाने से क्या होता है?**

उत्तरःआकाश मे बादलो के छा जाने से बरसात होती है।

4 **-कवि भैया से किसकी गुल्लक से पैसे निकालने के लिए कहता है और क्यों?**

उत्तरःकवि की गुल्लक मे पैसे कम है इसलिएकवि भैया से अपनी गुल्लक से पैसे निकालने के लिए कहता है।

5 **-कवि ने नाव बनाने  के लिए क्या- कया चलाने के लिए कहा है?**

उत्तरः कवि ने नाव बनाने  के लिए कैची, चुटकी और हाथ चलाने के लिए कहा है।

**6 -जमाल साहब लोगो से क्यों नही मिलना चाहते थे?**

उत्तर : जमाल साहब लोगो से नही मिलना चाहते थे क्यो कि उनकी पोशाक मामूली थी।

**7 - नसीरुदीन के पडोसी ने उनके मित्र की असलियत कैसे जानी?**

उत्तर : नसीरुदीन ने अपने मित्र का परिचय कराते हुए उनके मित्र की पोशाक की असलियत बता दी।

8 **-शंटिग किसे कहते है?**

उत्तरःशंटिग करने वाला व्यकित जब रेलगाडी अपनी यात्रा पूरी करता है तब उसको अगली यात्रा के लिए तैयार करता है।

9 **– फौजी ने पापा से क्या पूछा और उन्होने क्या उत्तर दिया?**

उत्तरः फौजी ने पापा से पूछा कि तुम क्या बनना चाहते हो तब पापा ने कहा कि मैं अच्छा इंसान बनना चाहता हूं।

10 **– पापा ने किस जवाब को सबसे अच्छा माना और क्यो?**

उत्तरःपापा ने इंसान बनने की बात को सबसे अच्छा माना क्योकि इंसान बनना बहुत अच्छी बात है।

12**-दिनेश ने अपने मित्रो से क्या पूछा था?**
उत्तर- दिनेश ने अपने मित्रो से पूछा था कि यह गेंद किसकी है।

13**-दिनेश को यह बात कैसे पता चली कि गेंद दीपक की नही है?**
उत्तर-दिनेश को यह बात पता चली तब दीपक ने कहा कि मेरी गेंद पाँच महीने पहले खोई थी।

14 **-बीरबल ने प्रश्नों के गोलमाल जवाब क्यों दिए थे?**
उत्तरः बीरबल ने प्रश्नों के गोलमाल जवाब इसलिए दिए क्योंकि वो ख्वाजा सरा का घंमड़ चुर क्रना चाहता था।

15 **-कविता में बादल की शेर से किस प्रकार तुलना की गई है?**
उत्तरः जब बादल आपस में टकराते रहते हैं, तब शेर से तुलना की गई है।
**निम्नलिखित प्रश्नो के दीर्घ उत्तर लिखिए।-**

1**-कविता मे बादल के किन-किन कार्यों का उल्लेख किया गया है?**
उत्तरःकविता मे कुछ बादल रह-रह कर शैतानी कर रहे है, कुछ चूपके से अपने थैलो मे पानी भर रहे है, कुछ ढोल बजा रहे है, कुछ रह-रह के छत पर आ जाते है और कुछ जिद्दी बन कर नदी-नालों मे बाढ़ लाते हैं।
2**-अकबर के सामने भेड़ क्यों लाई गई थी?**
उत्तरः अकबर के सामने भेड इसलिए लाई क्यों की बीरबल ने ख्वाजा का दुसरा प्रश्न का जवाब भेड़ की मात्रा से उत्तर दिया।इसलिए भेड़ को बुलवाया गया।

3**-गेंद से संबधित झगड़े का अंत कैसे हुआ?**
उत्तर-जब सारे बच्चे एक हो कर गेंद के साथ खेलने लगे तब सारे बच्चो के झगडें का अंत आ गया ।

**4-"पापा जब बच्चे थे"कहानी से हमेंक्या शिक्षा मिलती है?**

उत्तरः"पापा जब बच्चे थे"कहानी से हमें शिक्षा मिलती हैकि हमें कभी अपने इरादे बदलने नही चाहिए।और हमे

हमेशा अच्छा इंसान बनना चाहिए।

**5 – नसीरुदीन दूसरी बार अपने मित्र के साथ कहाँ गए और वहाँ उनका परिचय किस प्रकार करवाया?**

उत्तर : नसीरुदीन दूसरी बार अपने मित्र के साथ हुसैन साहब के यहाँ पर गए।और वहाँ पर उनका परिचय कराते

हुए कहा कि यह मेरे पुराने दोस्त है और इन्होने जो अचकन पहनी है वह इनकी अपनी ही है।

**6 –वर्षाऋतु आपको कैसी लगती है? इसमे आपको क्या – क्या करना अच्छा लगता है?**

उत्तरः वर्षाऋतु मुझे बहुत अच्छी लगती है् क्यो कि वर्षाऋतु मे चाय और पकौडे खाने की मजा आती है। वर्षाऋतु

चरो तरफ हरियाली छा जाती है। वर्षाऋतु मे मुझे नहाना बहुत पंसद है।

7 –राजा का सन्यासी के प्रति क्या हुक्म था? भिक्षा के रुप मे राजा द्वारा सन्यासी को कितने
रुपये देने पडते?

उत्तर :राजा का हुक्म था कि सन्यासी के कहे अनुसार बीस दिन तक राजकोष से उन्हे भिक्षा दी जाती रहे।भिक्षा के रुप मे राजा द्वंरा सन्यासी को पहले दिन एक रुपया फिर बीस दिन उसके दुगने करके देने पडते।

8 – लोग राजा के पास क्यो आएथ थे?एवँ राजा ने उन्हे क्या कहा?

उत्तरःलोग राजा के पास उनके देश मे अकाल पडने के कारण आए थे।राजा ने कहायह तो भगवान की मार है।इसमे मेरा कोई हाथ नही है।